## एक नजर

### सीकर में मेडिकल स्टोर पर पथराव करने वाले पकड़े

**सीकर. कासं।** सीकर की कोतवाली थाना पुलिस को सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 15 मार्च की रात सीकर के सालासर बस स्टैंड पर मेडिकल स्टोर पर पथराव करने के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पत्थर फेंकने के लिए बाइक पर आए थे। थानाधिकारी सुनील कुमार जांगिड़ के अनुसार घटना 15 मार्च की रात करीब 10 बजे सालासर बस स्टैंड की है। इस संबंध में मेडिकल स्टोर संचालक धीरज कुमार शर्मा ने मामला दर्ज करवाया था कि वह 15 मार्च की रात करीब 10 बजे अपने दोस्त प्रतीक के साथ दुकान के बाहर खड़ा था। इसी दौरान करीब 7 से 8 मोटर साइकिल पर करीब 10 से 15 लड़के आए। जिन्होंने दुकान की तरफ पत्थर फेंकने शुरू किए। जिससे दोस्त प्रतीक चोटिल हो गया। इसके साथ ही दुकान पर हुए पथराव के चलते नुकसान हुआ।

### शहर की सभी सड़कें होंगी दुरस्त: देवनानी

**अजमेर. कासं।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि राजस्थान के बजट में अजमेर को कई सौगातें मिली है। इन घोषणाओं से अजमेर के विकास की गति और तेज होगी। अजमेर शहर की सभी सड़कें आने वाले समय में दुरस्त करवाई जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को चूड़ी बाजार, नया बाजार चौपड़ से आगरा गेट तक 74 लाख रुपए की लागत से मुख्य सड़क के निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर अजमेर व्यापार महासंघ तथा अजमेर सराफां संघ के पदाधिकारियों ने देवनानी का स्वागत किया। नागरिकों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। अजमेर शहर की कोई सड़क टुटी हुई नहीं रहेगी। समस्त सड़कों को दुरस्त किया जाएगा।

### राज्यपाल से राजस्थान प्रशासनिक और लेखा सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने की मुलाकात

# राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए पारदर्शिता से जुड़ी कार्य संस्कृति का हो विकास: राज्यपाल

**राज्यपाल ने सुव्यवस्थित नियोजन और प्रबंधन के साथ राज्य और राष्ट्र विकास के लिए काम करने पर दिया जोर**

**जयपुर. कंचन केसरी**

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि प्रशासनिक और लेखा सेवा में राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए अधिकारी पूर्ण पारदर्शिता की कार्य की संस्कृति का विकास करें। उन्होंने समय के साथ जीवन प्रबंधन को जोड़ते हुए नैतिक मूल्यों के लिए कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राजकीय सेवा में आने के बाद अधिकारियों को यह चाहिए कि वे जन कल्याण से जुड़े कार्यों और विकास योजनाओं का प्रभावी रूप में क्रियान्वयन करें। बागडे सोमवार को राजभवन में राजस्थान प्रशासनिक और लेखा सेवा के वर्ष 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। राजभवन में अतिरिक्त मुख्य सचिव और हरिश्चन्द्र माथुर राज्य लोक प्रशासन संस्थान की महानिदेशक श्रीमती श्रेया गुहा की पहल पर इन अधिकारियों की राज्यपाल से मुलाकात हुई। इस दौरान राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों के कार्य और प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि राज्य और देश के विकास में वे भविष्य में सार्थक भूमिका निभाएं। उन्होंने लोकसभा के पहले अध्यक्ष रहे गणेश वासुदेव मावलंकर का उदाहरण देते हुए कहा कि संसदीय परम्पराओं और मर्यादाओं के साथ लोक प्रशासन की देश में उन्होंने नींव रखी। उन्होंने आचार्य चाणक्य और अन्य महापुरुषों का संदर्भ देते हुए कहा कि राजकीय सेवा में ईमानदारी और राजकीय हित को प्रमुखता देते हुए कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि जीवन में भोजन के साथ हर स्तर पर व्यवस्थित नियोजन और प्रबंधन यदि आप करते हैं, तभी पदस्थापित पद पर अपने आपको प्रभावी रूप में साबित कर पाएंगे। राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वीराज ने अधिकारियों से पूर्ण निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ काम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच जरूरी है। अधिकारी राजकीय हित में अपनी पूर्ण क्षमता के साथ काम करें। आरंभ में हरिश्चन्द्र माथुर लोक प्रशासन संस्थान की अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती शैली कृष्णा ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा और लेखा सेवा के प्रशिक्षु 107 अधिकारियों के प्रशिक्षण और ओटीएस की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।



# 111 करोड़ की लागत से 77 किमी ग्रामीण सड़कों के लिए भागीरथ चौधरी ने राज्य सरकार को भेजा निर्माण प्रस्ताव

### बरना से झाडोल-साम्प्रोदा सड़क का होगा निर्माण

**अजमेर. कंचन केसरी**

अजमेर लोकसभा क्षेत्र में ग्रामीण सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ बनाने के लिए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने 111 करोड़ रुपए की लागत से 77 किलोमीटर लंबी सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा है। इन सड़कों का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण होने से ग्रामीणों एवं आमजन को आवागमन में सुविधा मिलेगी और व्यापार, कृषि व परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। बरना से झाडोल-साम्प्रोदा (वाया देवपुरी, बरना, दादिया) तक 37.49 किमी लंबी और 7 मीटर चौड़ी सड़क की मांग की गई है। यह मार्ग भारी वाहनों के कारण अत्यधिक क्षतिग्रस्त हो चुका है और इसकी चौड़ाई भी पर्याप्त नहीं है। इस सड़क के निर्माण से झाडोल, खेड़ा गोपालपुरा, दादिया, देवपुरी, बरना सहित हजारों ग्रामीणों को लाभ मिलेगा।

**बडगांव से गोली तक 28 किमी सड़क से ग्रामीण होंगे लाभान्वित:** बडगांव से गोली तक 28 किमी लंबी और 7 मीटर चौड़ी ग्रामीण सड़क का प्रस्ताव भी भेजा गया है। यह मार्ग गोली, जुगलीपुरा, सिरोंज, भोगादित, तिहरी, खंडाच, डींडवाड़ा और बडगांव को नेशनल हाईवे से जोड़ेगा। इससे ग्रामीणों को आसानी से कृषि जिंसों और व्यापार के लिए किशनगढ़ आने-जाने की सुविधा मिलेगी।



**अरांई को नसीराबाद-कोटा हाईवे से जोड़ेगा नया मार्ग:** अरांई मुख्यालय को नसीराबाद मुख्यालय और नसीराबाद-कोटा हाईवे से जोडऩे के लिए आकोडिया-डबरेला-गोठियाना-ढीगारिया मार्ग का प्रस्ताव भी दिया गया है। इस 25 किमी लंबे मार्ग की अनुमानित लागत 37.50 करोड़ रुपये होगी। इससे क्षेत्र के नागरिकों को एक वैकल्पिक मार्ग मिलेगा, जिससे समय और ईंधन की बचत होगी।

**जल्द स्वीकृति के लिए केंद्रीय मंत्री ने लिखा पत्र:** केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने राज्य सरकार से इन प्रस्तावों को शीघ्र स्वीकृत कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने की अपील की है। सभी प्रस्तावित सड़कें 7 मीटर चौड़ी दो लेन की होंगी, जिससे भारी वाहनों और आमजन का आवागमन सुगम होगा। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी, परिवहन सुविधा बेहतर होगी और क्षेत्र का समग्र विकास होगा।

## सुरीले स्मार्ट सिंगर्स का होली मिलन समारोह 2025 धूमधाम से संपन्न हुआ



**अजमेर. कंचन केसरी**

एडमिन डी एस ओ नीरज जैन के कराओके ग्रुप सुरीले स्मार्ट सिंगर्स का होली मिलन समारोह 2025 शहर के जाने माने होटल में मनाया गया। प्रोग्राम का शुभारंभ विधिवत रूप से सरस्वती वंदना के साथ किया गया। सभी सदस्यों को गुलाल का टीका लगा कर उनका स्वागत किया गया और अंत में फूलों की होली खेली गई। प्रोग्राम में नवीनता और विविधता लाते हुए इस बार ग्रुप के सभी सदस्यों को होली के टाइटल्स दिए गए, हर सदस्य के लिए कार्ड पर एक शायरी लिख के दी गई एवं सभी के लिए एक एक गाना डेडिकेट कर के सबको उसपे परफॉर्म करवाया गया। लजीज स्टार्स के साथ कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण हमेशा की तरह प्रीति जैन और शिखा शर्मा का डुएट डांस गजबन पानी ले चली रहा, जिसने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इसके अलावा प्रियंका चौधरी ने भी एक डांस की प्रस्तुति दी। होली के रंग में सराबोर होके श्वेता शर्मा और राजेंद्र सोनी ने जय जय शिव शंकर गाने पे लाजवाब डांस प्रस्तुति दी। डी एस ओ नीरज जैन ने कार्यक्रम में चार चांद लगाते हुए एक स्पेशल आइटम पेश किया।

# जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के कार्मिकों की समीक्षा बैठक आयोजित

### सभी विभागीय लक्ष्यों को निश्चित समयावधि में शत प्रतिशत रूप से करें अर्जित: जिला कलेक्टर

**भीलवाड़ा. कंचन केसरी**

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के कार्मिकों की समीक्षा बैठक सोमवार को कृषि भवन स्थित आत्मा सभागार में ली। संयुक्त निदेशक कृषि विनोद कुमार जैन ने पावर पोईन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से विभागीय गतिविधियों एवं प्रगति की जानकारी दी। जिला कलेक्टर ने बैठक में कहा कि समस्त फील्ड स्टाफ को ई गिरदावरी एप के माध्यम से किसानों को स्वयं ई-गिरदावरी करने के लिए प्रशिक्षित करने, अपनी उपज को समर्थन मूल्य पर बेचान करने, मोटा अनाज वाली फसले लेने, फसल बीमा करवाने, यूरिया के स्थान पर नेनो यूरिया का उपयोग बढ़ाने आदि कार्यों के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने सभी फील्ड स्टाफ को निर्देश दिए कि फसल कटाई प्रयोग की सूचना प्रयोग के दिन ही एप पर अपडेट करें ताकि जिले की प्रगति परिलक्षित हो सके, उन्होंने निर्देश दिए कि संयुक्त निदेशक सभी अधिकारियों/कार्मिकों के कार्य निष्पादन के मापदंड तय करें तथा उसके आधार पर उनकी रैंकिंग तय करते हुए अच्छे कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित कर प्रोत्साहित करें। जिला कलक्टर ने सभी विभागीय लक्ष्यों को शत प्रतिशत प्रगति अर्जित करने हेतु समय पर पूर्ण निष्ठा से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कृषि, उद्यान विभाग के सभी अधिकारियों के साथ फील्ड के सहायक कृषि अधिकारियों सहित उप निदेशक उद्यान शंकर सिंह राठोड, उप निदेशक आत्मा राकेश माला एवं जिले के सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।



## सोफिया कॉलेज में प्रथम स्नातक समारोह का आयोजन आज

**अजमेर. कंचन केसरी।** सोफिया गर्ल्स कॉलेज अजमेर में प्रथम स्थानक समारोह का आयोजन 18 मार्च को होगा। समारोह का शुभारंभ प्रातः 10 बजे से औपचारिक मार्च के साथ होगा। इसमें विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष रेवरेंट सिस्टर गोरेटी, मुख्य अतिथि महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर कुलपति प्रोफेसर कैलाश सोडाणी, रेवरेंट सिस्टर सुषमा, कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर सिस्टर पर्ल, उप प्राचार्य डॉक्टर सिस्टर रानी, बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट मेंबर्स प्रोफेसर शिवदयाल सिंह, एकेडमिक मेंबर्स प्रोफेसर नागेंद्र सिंह, प्रोफेसर सुभाष चंद्र, डीन प्रोफेसर ज्योति चंदेल, प्रोफेसर मोनिका कनन, गौतम चतुर्वेदी एवं परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर सिस्टर स्वप्ना शामिल होंगे। स्वर्ण पदक प्राप्त विद्यार्थियों को मेडल व स्नातक में उतीर्ण विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। इस समारोह में भारत के विभिन्न राज्यों महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात, बिहार, उत्तर प्रदेश आदि से लगभग 300 विद्यार्थी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम मे लगभग 800 से अधिक छत्राओ के परिजन भी शामिल होंगे।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड, जयपुर**

क्रमांक - 1639 दिनांक :- 15-3-2025

**अल्पकालीक ई-निविदा सूचना संख्या - 66/2024-25 प्रकाशन बाबत्।**

Bids for Building Construction / Maintenance works are invited from interested bidders upto 20.03.2025 (06.00 P.M.). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in and http://eproc.rajasthan.gov.in.

UBN No.- 1. PWD2425WSOB16962,
2. PWD2425WSOB16963
3. PWD2425WSOB16964

(ए. एन. रावत)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि.निर्माण खण्ड, जयपुर

DIPR/C/3772/2025


# अजमेर में 132 केवी का बनेगा गैस इंसुलेटेड सब स्टेशन

**सौ करोड़ की लागत से होगा निर्माण। पुराने भवन को तोड़कर बनेगा जीआईएस**


**अजमेर. कंचन केसरी**

अजमेर डिस्कॉम द्वारा सौ करोड़ की लागत से 132 केबी क्षमता का अत्याधुनिक गैस इंसुलेटेड सब स्टेशन (जीआईएस) का निर्माण होगा। जीआईएस के निर्माण के लिए हाथी भाटा में स्थान का चयन किया गया है, इसके निर्माण के बाद क्षेत्र की बिजली आपूर्ति सुचारू होगी, जिससे उपभोक्ताओं को बिजली कटौती से राहत मिलेगी। राजस्थान प्रसारण निगम के अधीक्षण अभियंता एम के जारवाल ने बताया कि परियोजना के लिए सात किलोमीटर अंडरग्राउंड केबल डाली जाएगी जो घूघरा और मदार क्षेत्र में पहले से बने ग्रिड सब स्टेशन से हाथी भाटा तक जाएगी। इस सब स्टेशन को बनाने का निर्णय जगह की कमी के कारण लिया गया है। पारंपरिक ग्रिड सब स्टेशन (जीएसएस) के लिए लगभग 2.5 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता होती है, लेकिन जीआईएस तकनीक का उपयोग करने से यह स्टेशन मात्र 0.25 हेक्टेयर में ही बनाया जा सकेगा। इस अत्याधुनिक तकनीक से बिजली आपूर्ति में सुधार होगा और फाल्ट की संभावनाएं कम होंगी।

### 100 करोड़ की लागत से होगा निर्माण

पारंपरिक ग्रिड सब स्टेशन की तुलना में जीआईएस तकनीक आधारित सब स्टेशन की लागत अधिक होती है। जहां एक साधारण जीएसएस को बनाने में लगभग 25 करोड़ रुपए खर्च होते हैं, वहीं इस जीआईएस सब स्टेशन पर 90 से 100 करोड़ रुपए तक खर्च होगा।

**जीआईएस तकनीक के फायदे:** जीआईएस सब स्टेशन में सल्फर हेक्साफ्लोराइड (एसएफ -6) गैस का उपयोग किया जाता है, जो इसे पूरी तरह



इंसुलेट करती है। यह पूरी व्यवस्था मेंटीनेंस मुक्त होती है और इसके उपकरण इनडोर मेटल बॉक्स में बंद रहते हैं, जिससे सुरक्षा और कार्यक्षमता बढ़ती है। पारंपरिक जीएसएस में ब्रेकर, करंट ट्रांसफॉर्मर और पोटेंशियल ट्रांसफॉर्मर अलग अलग इकाइयों में होते हैं, जबकि जीआईएस में इन्हें एक कॉम्पैक्ट गैस चैंबर में रखा जाता है। इस कारण जीआईएस सब स्टेशन में फाल्ट कम होते हैं और बिजली आपूर्ति सुचारू बनी रहती है।

### मिलेंगे नए कनेक्शन

डिस्कॉम के पदाधिकारियों ने बताया कि जीआईएस के निर्माण के बाद अजमेर शहर में बिजली आपूर्ति की स्थिति में सुधार होगा। लोड क्षमता बढने से नए बिजली कनेक्शन भी जारी किए जा सकेंगे। इसके अलावा बिजली फाल्ट की संख्या में कमी आएगी।

### पुराने भवन को तोड़कर बनेगा नया स्टेशन

जीआईएस सब स्टेशन हाथी भाटा में बनाया जाएगा, जहां पहले से मौजूद भवन को ध्वस्त कर नया भवन तैयार किया जाएगा। दो मंजिला इस भवन में राजस्थान प्रसारण निगम के विभिन्न कार्यालय भी संचालित होंगे।


**जना स्मॉल फाइनैंस बैंक** (एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक)

पंजीकृत कार्यालय: दि फेयरवे, भू तल एवं प्रथम तल, सर्वे नंबर 10/1, 11/2 एवं 12/2बी, ऑफ डोमलूर, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क से सटा, चाल्लाघट्टा, बेंगलुरू-560071 शाखा कार्यालय: जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001

**ई-नीलामी सूचना**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रवर्तन अधिनियम (सरफासी ऐक्ट), 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) एवं 9 के परंतुक के तहत ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना**

अधोहस्ताक्षरी ने **जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, सरफासी ऐक्ट की धारा 13(4) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया है। एतद्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदारों को सूचित किया जाता है कि बैंक की बकाया राशि की वसूली के लिए निम्नवर्णित खाते में बंधक सम्पत्ति की **''जैसी है जहां है आधार''** तथा **''जो है जैसी है आधार''** पर ऑनलाइन नीलामी (ई-नीलामी) यहां नीचे निर्धारित तिथि को की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या | मूल कर्जदार/सह- कर्जदार /गारंटर का नाम | 13-2 सूचना की तिथि | कब्जा की तिथि | वर्तमान बकाया राशि 16-03-2025 तक | सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | सुरक्षित मूल्य भारतीय रूपए में | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) भारतीय रूपए में | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | बोली प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि, समय और स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 45889430000883 45889420001436 & 45889410001140 | 1) श्री दुर्गा प्रजापत पुत्र भवानी शंकर प्रजापत (आवेदक), 2) श्रीमती लीला देवी पत्नी श्री दुर्गा प्रजापत (सह-आवेदक), 3) श्री भवानी शंकर प्रजापत पुत्र देवीलाल कुम्हार (सह-आवेदक) | 24-07-2024 | 24-10-2024 | रुपए 13,95,794.62/- (रुपए तेरह लाख पिच्यानवे हजार सात सौ चौरानवे व बासठ पैसे मात्र) | 09.04.2025 पूर्वा. 11:30 बजे से अप. 02:00 बजे तक | रुपए 9,27,400/- (रुपए नौ लाख सत्ताईस हजार चार सौ मात्र) | रुपए 92,740/- (रुपए बानवे हजार सात सौ चालीस मात्र) | 23.04.2025 @ पूर्वा. 11:00 बजे | 22-04-2025 अप. 05.00 से पूर्व जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड शाखा कार्यालय पता: जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001 |
| | सुरक्षित सम्पत्ति का विवरण: समस्त अंश व खंड: अचल संपत्ति आवासीय प्लॉट स्थित हल्का आबादी, ग्राम पंचायत नंदराय, पंचायत समिति कोटड़ी, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान 311603, परिमाप 2975 वर्ग फीट। भवानी शंकर प्रजापत पुत्र देवीलाल कुम्हार द्वारा स्वाधिकृत। सीमाबद्ध: पूरब: सोहन जी भैरू जी नाई, पश्चिम: आम रास्ता, उत्तर: बालकिशन जी पारीक, दक्षिण: रास्ता। | | | | | | | | | |
| 2 | 45889420003073 & 45889420003416 | 1) श्री भेरू लाल बलाई पुत्र रूपा बलाई (आवेदक), 2) श्री नंदराम बलाई पुत्र श्री भेरू लाल बलाई (सह-आवेदक), 3) श्रीमती कमला बलाई पत्नी श्री नंदराम बलाई (सह-आवेदक) | 15-03-2024 | 22-08-2025 | रुपए 10,33,380.70/- (रुपए दस लाख तैंतीस हजार तीन सौ अस्सी व सत्तर पैसे मात्र) | 09.04.2025 पूर्वा. 11:30 बजे से अप. 02:00 बजे तक | रुपए 5,25,300/- (रुपए पांच लाख पच्चीस हजार तीन सौ मात्र) | रुपए 52,530/- (रुपए बावन हजार पांच सौ तीस मात्र) | 23.04.2025 @ पूर्वा. 11:00 बजे | 22-04-2025 अप. 05.00 से पूर्व जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड शाखा कार्यालय पता: जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001 |
| | सुरक्षित सम्पत्ति का विवरण: समस्त अंश व खंड: अचल संपत्ति पट्टा संख्या 24, बही संख्या 334, मिसल संख्या 168/2019-20, ग्राम देवली, ग्राम पंचायत देवली, पंचायत समिति सुवाणा, तहसील हमीरगढ़, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान। परिमाप 667 वर्ग फीट। भेरू लाल बलाई पुत्र रूपा बलाई द्वारा स्वाधिकृत। सीमाबद्ध: पूरब: रामेश्वर लाल पुत्र रूपा बलाई, पश्चिम: नाथू लाल पुत्र गोकल बलाई, उत्तर: खातेदारी भूमि, दक्षिण: आम रास्ता। | | | | | | | | | |
| 3 | 45889430001745 | 1) श्री इजाज मोहम्मद मंसूरी पुत्र मोहम्मद मंसूरी (आवेदक), 2) श्रीमती रुकसाना बानो मंसूरी पत्नी स्व. सद्दीक मोहम्मद (सह-आवेदक) | 22-06-2024 | 11-09-2024 | रुपए 8,64,951.33/- (रुपए आठ लाख चौसठ हजार नौ सौ इक्यावन व तैंतीस पैसे मात्र) | 09.04.2025 पूर्वा. 11:30 बजे से अप. 02:00 बजे तक | रुपए 6,62,100/- (रुपए छः लाख बासठ हजार एक सौ मात्र) | रुपए 66,210/- (रुपए छियासठ हजार दो सौ दस मात्र) | 23.04.2025 @ पूर्वा. 11:00 बजे | 22-04-2025 अप. 05.00 से पूर्व जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड शाखा कार्यालय पता: जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001 |
| | सुरक्षित सम्पत्ति का विवरण: समस्त अंश व खंड: अचल संपत्ति आबादी भूमि, नीलगरों का मौहल्ला, ग्राम पुर, तहसील एवं जिला भीलवाड़ा, राजस्थान-311001, परिमाप 98.88 वर्ग गज। श्री इजाज मोहम्मद मंसूरी पुत्र मोहम्मद मंसूरी और रुकसाना बानो मंसूरी पत्नी स्व. सद्दीक मोहम्मद द्वारा स्वाधिकृत। सीमाबद्ध: पूरब: फतेह मोहम्मद, पश्चिम: फतेह मोहम्मद, उत्तर: अजीज नीलगर और सामलती चौक, दक्षिण: सड़क। | | | | | | | | | |
| 4 | 45889420002975 & 45889420002502 | 1) श्री गोपाल लाल शर्मा पुत्र रतन लाल शर्मा (आवेदक), 2) श्रीमती दुर्गा शर्मा पत्नी श्री गोपाल लाल शर्मा (सह-आवेदक) | 11-03-2024 | 11-09-2024 | रुपए 33,63,501.15/- (रुपए तैंतीस लाख तरेसठ हजार पांच सौ एक व पंद्रह पैसे मात्र) | 09.04.2025 पूर्वा. 11:30 बजे से अप. 02:00 बजे तक | रुपए 30,07,900/- (रुपए तीस लाख सात हजार नौ सौ मात्र) | रुपए 3,00,790/- (रुपए तीन लाख सात सौ नब्बे मात्र) | 23.04.2025 @ पूर्वा. 11:00 बजे | 22-04-2025 अप. 05.00 से पूर्व जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड शाखा कार्यालय पता: जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001 |
| | सुरक्षित सम्पत्ति का विवरण: समस्त अंश व खंड: अचल संपत्ति प्लॉट नंबर 2-सी-21, 22-बी, तिलक नगर, भीलवाड़ा, राजस्थान-311001, परिमाप 77.39 वर्ग मीटर। श्री गोपाल लाल शर्मा पुत्र रतन लाल शर्मा द्वारा स्वाधिकृत। सीमाबद्ध: पूरब: प्लॉट नंबर 02-सी-23, पश्चिम: प्लॉट नंबर 02-सी-21, 22-ए, उत्तर: सड़क, दक्षिण: प्लॉट नंबर 02-सी-49, 50 | | | | | | | | | |

सम्पत्तियां **''जैसी है जहां है आधार''** तथा **''जो है जैसी है आधार''** पर ई-नीलामी 'ऑनलाइन'' संचालित की जाएगी। नीलामी का संचालन बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता **मैसर्स 4 क्लोज़र** द्वारा वेबपोर्टल **https://bankauctions.in & www.foreclosureindia.com** पर किया जाएगा। अधिक जानकारी, सहायता, ई-नीलामी प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण, के लिए संभावित बोलीदाता **मैसर्स 4 क्लोज़र** से सम्पर्क कर सकते हैं; **सम्पर्क श्री उत्कर्ष अदेश, सम्पर्क नंबर:** 9515160064 ई-मेल आईडी: **info@bankauctions.in / adesh@bankauctions.in**

ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए नियमों एवं शर्तों के अतिरिक्त विवरण के लिए तथा सम्पत्ति के संबंध में पूछताछ के लिए कृपया **जना स्माल फाइनैंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें श्री अनुराग शुक्ला (मो. 8090655550), श्री रंजन नाइक (मो. 6362951653)**, प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार सम्पत्तियों पर कोई ऋणभार नहीं है। तथापि इच्छुक बोलीदाता को अपनी बोली देने से पहले सम्पत्ति पर ऋणभारों तथा स्वामित्व के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच स्वयं कर लेनी चाहिए। सशर्त बोली स्वीकार नहीं की जाएगी। यह सूचना उपरोक्त नामक कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं को बंधक सम्पत्तियों हेतु अनुसूचित ई-नीलामी के बारे में नोटिस भी है। कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं को एतद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि उपरिवर्णित राशि का भुगतान अद्यतन ब्याज तथा अनुषंगी खर्चों के साथ नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति बेच दी जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, ब्याज एवं लागत के साथ वसूल की जाएगी।

**तिथि: 18-03-2025 स्थान: राजस्थान** **हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी, जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड**